2 सूरजपुर को जोड़ने वाली शॉर्टकट सड़क कीचड़ में तब्दील, बढ़ी परेशानी







## खबर संक्षेप

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में अप्रेंटिसशीप मेला 13 को

**अम्बिकापुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए 13 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है।

### कफ सिरप के उपयोग के लिए एडवाइजरी जारी

अम्बिकापुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा बच्चों में कफ सिरप के उपयोग हेतु एडवाइजरी जारी की गई है तथा संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा भी भारत सरकार द्वारा बच्चों में कफ सिरप के उपयोग हेतु जारी एडवाइजरी का पालन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने जिले में संचालित समस्त अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक एवं औषधि प्रतिष्ठानों को पत्र जारी कर बच्चों में एडवाइजरी एवं कोल्ड मेडिकेशन का औचित्यपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करते हुए भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने कहा है। पालन नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### हरिहरपुर-चंद्रपुर मार्ग में हुई घटना

# जंगल से गुजर रहे बाइक सवार को कुचलकर हाथियों ने ले ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिश्रामपुर

जंगल के रास्ते बाइक से रिश्तेदार को ग्राम खाड़ापारा छोड़ने जा रहे युवकों का दंतैल से सामना हो गया। हाथियों को सामने देख सड़क किनारे झाड़ियों में छिपे युवक को दंतैल ने कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना बुधवार की रात सूरजपुर वनमंडल अंतर्गत हरिहरपुर-चंद्रपुर मार्ग की है।

**खास बात**

- हाथियों की मौजूदगी की जानकारी होने के बावजूद युवक रात में जा रहा था रिश्तेदार को छोड़ने

पिछले दो महीनों से 25 से 30 हाथियों का दल वन परिक्षेत्र प्रतापपुर एवं सूरजपुर में भ्रमण कर रहा है। हाथियों का दल कुछ दिनों पूर्व वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत सोनगरा सर्किल में भ्रमण कर रहा था तथा तीन दिन पूर्व ही हाथी लटोरी सर्किल के मोहनपुर जंगल में पहुंचे थे। हाथियों की उपस्थिति को देखते हुए विभाग लगातार मुनादी करा लोगों को सतर्क रहने हाथियों से दूर रहने की सलाह दे रहा है। मोहनपुर जंगल में हाथियों के मौजूद होने की सूचना के बावजूद बीती रात लगभग 8 बजे ग्राम हरिपुर निवासी राम साय पिता शोभरन साय (39वर्ष) अपने दो रिश्तेदारों के साथ बाइक से खाड़पारा जा रहा था। रामसाय जैसे ही हरिहरपुर-चंद्रपुर मार्ग पर आगे बढ़ा ग्रामीणें ने उसे रोका तथा मोहनपुर जंगल में हाथियों के मौजूद होने का हवाला देकर आगे जाने से मना किया लेकिन राम साय एवं उसके रिश्तेदार ग्रामीणों की सलाह को अनसूना कर आगे निकल गए। बाइक सवार जैसे ही मोहनपुर जंगल में पहुंचे हाथी जंगल से निकलकर सड़क पर पहुंच गए। हाथियों को सामने देख रामसाय ने बाइक रोकी तो उसके दोनों रिश्तेदार बाइक से उतरकर पैदल भाग निकले। इधर झुण्ड को अपनी ओर आते देख रामसाय सड़क किनारे झाड़ियों में छिप गया। रामसाय को खोजते हुए हाथी रामसाय के निकट पहुंच गए। इस दौरान हाथियों ने रामसाय को घेर लिया तथा दल का एक दंतैल उसे कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इधर भागकर पहुंचे रामसाय के रिश्तेदारों ने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने वनकर्मियों को स्थिति से अवगत कराया तो घटनास्थल पर वन अधिकारी पहुंचे एवं खोजबीन के बाद शव को बरामद किया। रात होने के कारण बुधवार को मृतक का पीएम नहीं हो सका। गुरूवार को पीएम उपरांत परिजन को शव सौंपा गया। अधिकारियों ने मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की है। इस दौरान उपवन मंडलाधिकारी अशोक तिवारी, वन परिक्षेत्राधिकारी उमेश वस्त्रकार, वनकर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



परिजन को सहायता राशि देते जनप्रतिनिधि व वन अधिकारी।

### दो माह में तीन मौतें

हाथियों का दल दो महीने पूर्व तमोर पिंगला अभ्यारण्य से प्रतापपुर – राजपुर के रास्ते वापस लुण्ड्रा जंगल में लौटा था। इस दौरान हाथी जशपुर की ओर जाने की कोशिशें कर रहे थे लेकिन ग्रामीणों द्वारा हाथियों का रास्ता रोकने के कारण दल वापस प्रतापपुर जंगल में लौट आया। हाथियों ने प्रतापपुर जंगल से भी वापस लौटने की कोशिश की लेकिन ग्रामीण आए दिन बाधा पैदा करते रहे। लगातार छेड़छाड़ से परेशान दल के हाथी वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा एवं प्रतापपुर में दो लोगों की जान ले चुके हैं जबकि हाथियों के हमले में तीसरे ग्रामीण की मौत बीती रात मोहनपुर जंगल में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक एवं उसके रिश्तेदारों को भी जंगल में हाथियों के मौजूद होने की सूचना थी लेकिन एक रिश्तेदार द्वारा मोहनपुर जंगल के रास्ते से ही घर पहुंचाने की जिद करने पर युवक अपने एक रिश्तेदार के साथ उसे पहुंचाने जा रहा था।

### पांच गांवों में दहशत

हाथियों का दल मोहनपुर, हरिहरपुर, सुंदरगंज, पाठकपुर एवं बोझा जंगल में भ्रमण करता है। शाम ढलते ही दल अपनी भूख मिटाने धान के खेतों में पहुंच जाता है। अब धान की फसल पक रही है तथा हाथी धान की पकी फसल से अपनी भूख मिटा रहे हैं। बड़ा दल होने के कारण हाथी फसल को खाने के साथ ही रौंद भी रहे हैं। प्रायः हर दिन हाथी 10-12 एकड़ की फसल तबाह कर रहे हैं। हाथियों के उत्पात से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में जीवन यापन कर रहे हैं। वर्तमान में हाथी लटोरी जंगल में मौजूद है।

### की जा रही निगरानी

हाथियों की नियमित निगरानी की जा रही है साथ ही प्रभावित क्षेत्र के गांवों में मुनादी करा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-अशोक तिवारी
उपवन मण्डलाधिकारी, सूरजपुर



# नगर निगम ने बिना अनुमति संचालित ठेले गुमटियों पर चलाया बुलडोजर, हटाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को नगर निगम ने चौपाटी व आस पास के क्षेत्र में किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम की उडन दस्ता टीम ने पुलिस टीम की मौजूदगी में अवैध रूप से लगाए गये ठेले व गुमटियों को हटा दिया है। इन ठेले गुमटियों को पुराना बस स्टैंड में शिफ्ट किया जाएगा जबकि चौपाटी में एक करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण व मरम्मत कार्य कराए जाएंगे ताकि हेल्दी एवं हाइजेनिक चौपाटी का निर्माण किया जा सके। नगर निगम द्वारा ठेले गुमटियों को हटाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

- चौपाटी के उन्नयन हेतु की गई कार्रवाई, जारी रहेगा अभियान

गुरुवार को नगर निगम द्वारा शहर के चौपाटी के समीप अवैध रूप से लगाए थे ठेले गुमटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य चौपाटी व आस पास के क्षेत्र को व्यवस्थित करना है। ऐसा इसलिए क्यों कि चौपाटी के अंदर और बाहर लगभग 50-60 की संख्या में अवैध रुप से ठेले व गुमटी संचालित हो रहे थे जिससे चौपाटी में चारों तरफ अव्यवस्था तो थी ही इसके साथ ही चौपाटी के बाहर हरपल जाम की स्थिति बनती रहती थी। यही वजह है कि नगर निगम द्वारा चौपाटी के आस पास किए गये कब्जे को हटाने के लिए अभियान चलाया गया। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप के निर्देश पर नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने पुलिस टीम की मौजूदगी में अभियान शुरू किया गया। इस दौरान प्रशासनिक भवन के पास से लेकर चौपाटी तक सड़क किनारे जितने भी ठेले गुमटी थी उन्हें हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कई स्थायी गुमटियों को ननि ने जब्त कर जेसीबी से हटाया। ननि की यह कार्रवाई निरंतर जारी रहने की बात कही जा रही है।

### 1 करोड़ में होना है उन्नयन

बता दें कि नगर निगम को वर्ष 2024 में 1 करोड़ रुपए की राशि एनएचएम के माध्यम से हेल्दी एवं हाइजेनिक फ़ूड स्ट्रीट के निर्माण हेतु मिली है। इस राशि से नगर निगम द्वारा चौपाटी का फिर से उन्नयन करने की योजना बनाई गई है और। अर्बन चौपाटी में एलिवेशन, पाथवे, सेंट्रल सिटिंग, डाइनिंग एरिया, साइन एज बोर्ड, ड्रेनेज सहित अन्य कार्यों को शामिल किया गया। वहीं एक जैसी गुमटियां, व्यवस्थित सिटिंग एरिया, केनोपी के साथ डाइनिंग व्यवस्था, साइन एज बोर्ड, विद्युतीकरण, शौचालय, पेयजल, पार्किंग को विकसित किया जाएगा। ननि ने कार्य शुरू करने के उद्देश्य से कार्रवाई की है जबकि चौपाटी के पास से हटाए गये ठेले गुमटियों को पुराना बस स्टैंड में शिफ्ट किया गया है। इसके लिए पुराना बस स्टैंड से बसों के अवैध कब्जे को हटाकर साफ सफाई कराई गई है।

### पुराना बस स्टैंड में करेंगे शिफ्ट

चौपाटी का नए सिरे से निर्माण कराया जाना है। निगम द्वारा लोगों की सुविधा के लिए व्यवस्थित चौपाटी का निर्माण किया जाएगा। इसी उद्देश्य से सड़क व चौपाटी के अंदर बिना अनुमति के लगे हुए ठेके गुमटियों को हटाया गया है। यह अभियान जारी रहेगा। हटाए गये ठेले गुमटियों को पुराना बस स्टैंड में शिफ्ट किया जा रहा है ताकि उनका व्यवसाय भी प्रभावित ना ही।

-डीएन कश्यप, आयुक्त ननि




## खबर संक्षेप



### आरएसएस ने नगर में किया पथसंचलन

**लखनपुर।** आरएसएस शताब्दी वर्ष 2025 के अवसर पर लखनपुर के पदाधिकारी सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल तथा संघ प्रमुखों के अगुआई में 8 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व मनाया। संगठन के सदस्यों ने सामुदायिक भवन में एकत्रित होकर शस्त्र पूजन किया। इसके संगठन के सभी स्वयंसेवक अनुसांगिक संगठन के कार्यकर्ता पूर्ण गणवेश दंड के साथ कदम ताल के साथ पंथ संचलन करते नगर भ्रमण किया। लखनपुर नगरवासियों ने गलियारों में पथ संचलन कर रहे संगठन सदस्यों का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान एलपी सिसोदिया, बृजेन्द्र पांडेय, यतेंद्र पांडेय, रवि भूषण, पांडेय सुरेंद्र साहू, राजेंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रदीप, दिनेश साहू, लक्ष्मण साहू, मुकेश ठाकुर, सचीन अग्रवाल, विक्रम सिंह, अमित जैन सहित अन्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मंडल कल्याणपुर में किया पथसंचलन



**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल कल्याणपुर का पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य वक्ता के रूप में कार्यवाह अनीश गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुरारी प्रसाद जायसवाल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उपखंड संघचालक विवेकानंद विश्वास मंचासीन रहे। शताब्दी वर्ष के निमित्त प्रथम कार्य विजयादशमी उत्सव को लेकर ग्रामवासियों में काफी उत्साह दिखा। पथ संचलन का जगह-जगह भव्य पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कार्यक्रम पूर्व विजयादशमी उत्सव में परंपरानुसार शस्त्रपूजन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक सूर्यकांत वैष्णव, प्रार्थना प्रमुख तीरथ राजवाड़े, सुभाषित शिव राजवाड़े, अमृतवचन उपेंद्र सिंह, एकल गीत ब्रिज पैकरा द्वारा प्रस्तुति की गई। मुख्य वक्ता अनीश गुप्ता ने कहा की जो संघ की कल्पना संघ के संस्थापक ने जो देखी थी वह वट वृक्ष के रूप में समर्पित स्वयंसेवक के समर्पण से यह सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोरिया विभाग प्रचार प्रमुख दिनेश सिंह, खिलेंद्र वैष्णव, विनोद वैष्णव,ठाकुर राम राजवाडे, सूर्यकांत वैष्णव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवक संघ मंडल सिलफिली का भव्य पथसंचलन



**मदनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल सिलफिली का भव्य पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव 5 अक्टूबर को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोरिया विभाग के विभाग कार्यवाह अमरदीप देवांगन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारिका प्रसाद कुशवाहा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उपखंड संघचालक विवेकानंद विश्वास मंचासीन रहे। पथ संचलन का जगह-जगह भव्य पुष्प वर्षा से स्वयं सेवको का स्वागत किया गया। कार्यक्रम पूर्व विजयादशमी उत्सव मे परंपरानुसार शस्त्रपूजन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक तिलेश्वर सिंह, प्रार्थना प्रमुख ठाकुर राजवाडे, सुभाषित दितेश राय, अमृत वचन ओम प्रकाश राजवाड़े, एकल गीत सुशांत मंडल द्वारा प्रस्तुति की गई। मुख्य वक्ता अमरदीप देवांगन ने कहा कि जो संघ की कल्पना संघ के संस्थापक ने जो देखी थी वह बट वृक्ष के रूप में समर्पित स्वयंसेवक के समर्पण से यह सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम में विजय शर्मा, खिलेंद्र वैष्णव, राजेश प्रजापति, वैष्णव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मार्ग से यात्री बस सहित अन्य वाहन सवार करते हैं आवागमन

# सूरजपुर को जोड़ने वाली शॉर्टकट सड़क कीचड़ में तब्दील, लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

सूरजपुर को जोड़ने वाली एकमात्र गुमगरा-कन्दरई मार्ग इन दिनों लगातार बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से कच्ची सड़क पर डामरीकरण की मांग कर रहे है बावजूद इसके आज तक ग्रामीणों पक्की सड़क नसीब नहीं हो सकी। जबकि इस मार्ग से यात्री बस सहित अन्य वाहनों के अलावा बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। यह मार्ग सरगुजा-सूरजपुर को जोड़ने वाली गुमगरा जमदई सड़क गुमगरा से जंगल के रास्ते सूरजपुर जाने के लिए यह मार्ग शॉर्टकट है। लगभग 10-12 किलोमीटर की कच्ची सड़क है जिसे आज तक पक्की सड़क नहीं बनाई गई है।

**खास बात**

- एक मात्र है शॉर्टकट मार्ग

लखनपुर जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमगरा जंगल के बीच में नहर निकला है जो सूरजपुर जिले के कन्दरई तक सीधे जोड़ता है।नहर के समीप से गुजरने वाली सड़क शॉर्ट कट होने के कारण हर समय व्यस्त होता है और बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। सूरजपुर जाने के लिए एक मात्र शाटकट मार्ग है जिससे लखनपुर क्षेत्र से सूरजपुर जाने के लिए यात्री बस के अलावा अन्य वाहन सवार इस मार्ग का उपयोग करते है। कुंवरपुर बांध से निकली नहर विश्रामपुर रेड नदी तक पहुचता है। गुमगरा, जमदई, कन्दरई, पेंडरखी होते हुए विश्रामपुर तक जाता है परंतु नहर के समीप कच्ची सड़क होने से मार्ग की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। बारिश के बाद सड़क जगह जगह उबड़ खाबड़ होने के कारण आवागमन करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लखनपुर से केन्द्रई तक सड़क सीधे जोड़ता है लेकिन बारिश होने के बाद सड़क की हालत दयनीय हो जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति पुनः निर्मित हो गई जब पिछले चार दिनों तक हुई लगातार बारिश के बाद कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में सूखा होने के कारण बड़ी संख्या में लोग इस मार्ग का उपयोग करते है। सीधा और शाटकट मार्ग होने से यात्री बसे हर रोज इस मार्ग से गुजरती है। लोगों का कहना है कि अगर सूरजपुर और लखनपुर का जोड़ने वाली सड़क डामरीकरण हो जाती तो लोगों के आवागमन के लिए एक बेहतर सुविधा हो जाती जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलता।



बारिश में जर्जर सड़क।

### करना पड़ता है 35 किमी की अतिरिक्त दूरी तय

बरसात में समय गुमगरा जंगल मार्ग से कन्द्रई तक के लगभग 12 किमी कच्ची सड़क होने के कारण सड़क से आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। बारिश होते ही सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है जिससे आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सूरजपुर जाने लिए महंगई, मानी चौक होकर जाना पड़ता है जिससे लगभग 35 किमी अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है।

### लोगों ने की डामरीकरण सड़क बनाने की मांग

ग्राम जमदई एवं ग्राम कन्दरई के अलावा ग्राम पंचायत गुमगरा क्षेत्र के लोगों ने कच्ची सड़क पर डामरीकरण किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों को कहना है कि मार्ग से बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है परंतु कच्ची सड़क होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पक्की सड़क होने से न सिर्फ आवागमन के लिए अच्छा सुविधा होती बल्कि क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलता।

### करेंगे प्रयास

सूरजपुर को जोड़ने वाली कच्ची सड़क के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव द्वारा प्रस्ताव बनाकर नहीं दिया गया है। प्रस्ताव बनाकर देंगे तो प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। नहर किनारे की सड़क को बनाने का प्रयास किया जाएगा।

-डॉ. स्वेच्छा सिंह
जनपद सीईओ लखनपुर



# स्वदेशी से ही बनेगा विकसित भारत : राजेश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे ऐतिहासिक परिवर्तन की चर्चा की।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि स्वदेशी से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का जो संकल्प देशवासियों के सामने रखा है, वह केवल एक आर्थिक योजना नहीं, बल्कि देशभक्ति की भावना का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक चलेगा। अभियान के तहत हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' की भावना के साथ आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन, रथ यात्राएं, प्रदर्शनी और स्वदेशी मेले आयोजित किए जा रहे हैं। त्योहारों के अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों से कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान को सशक्त करें। भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने भी संबोधित किया।इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गोयल, भाजपा जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग, अशोक सिंह, मुकेश गर्ग, संदीप अग्रवाल, प्रदीप द्विवेदी, अवध पाठक, शैलेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता, शिव राजवाड़े, पवन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ ने शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन

- पदोन्नति और पुरानी पेंशन बहाली की मांग



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ ने पावर कंपनियों के डिस्ट्रीब्यूशन, जनरेशन एवं ट्रांसमिशन विंग में कनिष्ठ यंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों की पदोन्नति नीति में सुधार सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। संघ ने प्रबंधन को पत्र भेजकर कहा है कि यदि मांगे पूरी नहीं होती हैं, तो वे अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन करने को बाध्य होंगे। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष बीबी जायसवाल ने बताया कि कई बार की द्विपक्षीय चर्चाओं और ज्ञापनों के बावजूद प्रबंधन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। संघ सदैव कंपनी हित में कार्य करता रहा है, लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ न्याय होना भी उतना ही आवश्यक है।संघ की प्रमुख मांगों में डिस्ट्रीब्यूशन, जनरेशन एवं ट्रांसमिशन कंपनियों में कनिष्ठ यंत्रियों से सहायक यंत्री के पदोन्नति प्रतिशत को बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने की मांग है। साथ ही पुरानी पेंशन बहाली, जनरेशन कंपनी में बंद किया गया क्षतिपूर्ति भत्ता पुनः आरंभ करने, विभागीय जांच को समय सीमा में पूर्ण करने, तथा संविदा कर्मियों के नियमितीकरण मांगें शामिल हैं। संघ ने आंदोलन के प्रथम चरण में 5 से 8 अक्टूबर तक अधिकारी कार्यस्थलों पर काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज किया। द्वितीय चरण में 9 अक्टूबर को रायपुर स्थित डगनिया मुख्यालय में विशाल प्रदर्शन व आमसभा का आयोजन किया गया। तृतीय चरण 18 नवंबर को एक दिवसीय कामबंद सत्याग्रह आंदोलन के रूप में किया जाएगा। इसके बाद भी मांगों पर सकारात्मक पहल न होने पर 25 नवंबर से अनिश्चितकालीन काम बंद सत्याग्रह आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विषेशज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB (Ortho) MNAMS हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले — MS, ENT नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती — चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव — एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता — न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव — आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222666, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :-12 अक्टूबर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा
रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25
// ईश्तहार //
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चुमन राम पैकरा आ. पुटलु राम, निवासी ग्राम कंचनपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि कुल 26 प्लाट ग्राम कंचनपुर में स्थित है। वर्तमान राजस्व अभिलेखों में खसरा नंबर 754/1, 767/4 आवेदक के नाम पर दर्ज होने से छूट गया है, जबकि पूर्व में आवेदक के नाम पर दर्ज था। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/10/2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 17/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
स्वस्थ प्रेगनेंसी से लेकर नवजात शिशु की देखभाल एवं ईलाज के लिए उत्कृष्ट केंद्र
उपलब्ध ऑपरेशन सेवाएं
1. बच्चेदानी का ऑपरेशन 4. सर्जरी द्वारा प्रसव (LSCS)
2. महिला नसबंदी (LTT) 2. बच्चेदानी की सफाई (D&C)
3. नॉर्मल डिलीवरी
ऑपरेशन थियेटर सोनोग्राफी सुविधा
डॉ.गिरीश पैकरा MBBS, DCH Pediatrics बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा MBBS, DGO (DBS & GYN) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर | मो. 9826461355




तन्मय मोटर्स भारत माता चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर
मो.- 8839213489, 8839543464

सस्नेह निमंत्रण

जगत जननी माँ महामाया की कृपा से

# सरगुजा संभाग का प्रथम कैंसर हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ

आप श्री सादर आमंत्रित

BREAST CANCER awareness month

आपका शहर, आपका विश्वास

# नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल

'आशा, उपचार और नया जीवन'



Dr. Himanshu Gupta
M.B.B.S., M.D.
(Clinical and Radiation Oncologist)

दिनांक - 12 अक्टूबर 2025, रविवार
समय - प्रातः 10 बजे से

मुख्य अतिथि
CANCER SURVIVORS

**हमारे यहां उपलब्ध सुविधाएँ :**

1. क्लिनिकल सर्विसेज
- कैंसर स्क्रीनिंग और प्रिवेंशन क्लीनिक (ब्रेस्ट, सर्विक्स, ओरल, लंग, प्रोस्टेट, जीआई आदि)
- OPD और इन-पेशेंट केयर (मॉनिटरिंग, जटिलताएँ और लक्षणों का इलाज)
- कीमोथेरेपी सर्विसेज
- IV कीमोथेरेपी
- टारगेटेड थेरेपी
- इम्यूनोथेरेपी
- ओरल कीमोथेरेपी
- हार्मोनल थेरेपी

2. डायग्नोस्टिक्स और लैब सर्विसेज
- रूटीन ब्लड टेस्ट
- ट्यूमर मार्कर्स (CEA, CA-125, PSA, AFP आदि)
- FNAC और बायोप्सी कलेक्शन/प्रोसेसिंग
- IHC (इन-हाउस या रेफरल)
- मॉलेक्यूलर टेस्टिंग (कोलैबोरेशन के जरिए)

3. सपोर्टिव और पेलिएटिव केयर
- पेन मैनेजमेंट सर्विसेज
- पेलिएटिव केयर यूनिट (एडवांस्ड पेशेंट्स के लिए)
- न्यूट्रिशन और डाइट काउंसलिंग

4. फार्मेसी और अलाइड सर्विसेज
- डेडिकेटेड ऑन्कोलॉजी फार्मेसी (कीमो, टारगेटेड और इम्यूनोथेरेपी ड्रग्स)
- ब्लड बैंक या टाई-अप सर्विसेज
- इन्फेक्शन कंट्रोल और क्रिटिकल केयर सपोर्ट

**विशेष**
अक्टूबर महीने में
**स्तन कैंसर जागरूकता**
के उपलक्ष्य में
सभी महिलाओं की
**स्क्रीनिंग मुफ्त**

पता - प्रतापपुर चौक, मैरिन ड्राइव तालाब के सामने, अम्बिकापुर | सम्पर्क क्र. 98938 95889, 94791 31664

## खबर संक्षेप



### शासकीय उमावि दलधोवा में हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

**बलरामपुर।** शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक शाला दलधोआ में मुख्यमंत्री शाला गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से लेकर के दसवीं तक के सभी विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के उप सरपंच अर्जुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में माथुर यादव उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य श्याम लाल गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावक का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं संस्था के प्राचार्य के द्वारा सामाजिक अंकेक्षण में निहित प्रमुख बिंदुओं को एक-एक करके बच्चों के सामने प्रश्न किया गया जिसमें बच्चों ने पूर्ण सहभागिता निभाते हुए सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अर्जुन यादव ने नेवता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पवन पाटिल, महेश्वर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### हायर सेकेंडरी स्कूल सरहरी में सामाजिक अंकेक्षण



**पोडीमोड़।** सरहरी संकुल के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी में सामाजिक अंकेक्षण संपन्न हुआ। टीम लीडर मनीष कुमार राय एवं संस्था के प्राचार्य दिलीप तिवारी शिक्षक ग्राम वासियों एवं एसएमडीसी के अध्यक्ष, सदस्य एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण पूरा किया गया। इस अंकेक्षण कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अंकेक्षण कार्यक्रम में टीम लीडर मनीष राय द्वारा छात्राओं की योग्यता का परीक्षण विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से किया गया। समुदाय के लोगों ने भी छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूछ कर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए और अच्छा परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया।

### स्कूली बच्चों को मिला अतिरिक्त पोषण का लाभ, वितरण किया गया फ्रूट जूस




**बिश्रामपुर।** संकुल कन्या बिश्रामपुर अंतर्गत संचालित मिडिल स्कूल शिवनंदनपुर,प्राथमिक कन्या शिवनंदनपुर,मा.शा कन्या शिवनंदनपुर,प्रा.शा बालक शिवनंदनपुर,प्रा.शा झारपारा कुंजनगर,प्रा.शा चोपड़ा बिश्रामपुर एवं मा.शा स्टेशनपारा कुंजनगर एवं प्रा.शा स्टेशनपारा कुंजनगर के 447 बच्चों को युवा साथी फाउंडेशन द्वारा 6 से 9 अक्टूबर तक अभियान चलाकर रीयल फ्रूट जूस वितरण किया गया, साथ ही मध्यान्ह भोजन हेतु अदरक लहसुन पेस्ट, टूथपेस्ट एवं हाजमोला भी सभी विद्यालयों को वितरण किया गया,युवा साथी फाउंडेशन के सदस्य पीयूष गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पोषण, स्वास्थ्य,स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाना व सेवा भावना से प्रधानमंत्री मंत्री शक्ति पोषण योजना से जुडना ताकि बच्चों में पोषण की कमी ना रहे,इस अवसर पर संकुल प्रभारी आशीष भट्टाचार्य के अलावा पंकज कुमार सिंह जनशिक्षक बिश्रामपुर 2 एवं गौरीशंकर पाण्डेय जनशिक्षक कन्या बिश्रामपुर समेत सभी विद्यालय के शिक्षक सक्रिय रहे,जनशिक्षक गौरीशंकर पाण्डेय ने युवा साथी फाउंडेशन छत्तीसगढ़ सूरजपुर इकाई के पीयूष गोयल,डॉ रजनीश गर्ग,दिव्यांश गोयल,अनीता गर्ग का आभार व्यक्त किया।

### एकलव्य विद्यालय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी

**बलरामपुर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले में संचालित 6 प्रयास एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से कुल 95 रिक्त सीटों पर प्रवेश किया जाना है। जिसमें आवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बलरामपुर एवं संबंधित एकलव्य आदर्श विद्यालयों में मंगाया गया था। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत प्राप्तांको के आधार पर कक्षावार मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है।

## निधन

### श्रीमती नीरू मंदिलवार



**अम्बिकापुर।** शहर के ब्रम्हपारा निवासी श्रीमती नीरू मंदिलवार पति स्व. महेश्वर प्रसाद मंदिलवार का गुरुवार को निधन हो गया। वे 78 वर्ष की थी। वे विपुल एवं अतुल मंदिलवार की माता थी। उनका अंतिम संस्कार शंकर घाट स्थिति मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं स्नेही शामिल हुए।

### शासन ने दी 4 विद्युत उपकेंद्र निर्माण की स्वीकृति

# लुण्ड्रा व उदयपुर ब्लाक के दूरस्थ क्षेत्रों में नहीं होगी अब लो-वोल्टेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लंबे समय से लो-वोल्टेज सहित अन्य विद्युत समस्याओं से जूझ रहे विकासखण्ड लुण्ड्रा के दूरस्थ ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिलने वाली है। इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए शासन ने 3 अतिरिक्त विद्युत उपकेन्द्र बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। सब कुछ अनुकूल रहा तो एक पखवाड़े के भीतर विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा।

**खास बात**

- मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकासखण्ड से होगा 16 करोड़ का निर्माण

विकासखण्ड लुण्ड्रा की भागौलिक परिस्थितियों एवं विरल बसाहट के कारण पूर्व में लम्बी दूरी तक विद्युत लाइन का विस्तार किया गया था। समय बदलने के साथ ही अब लुण्ड्रा ब्लॉक के दर्जनों गांवों में बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती हो रही है। सब्जियों की खेती के लिए कृषकों ने बड़े पैमाने पर कृषि पंप लगाए हैं। दूसरी तरफ लुण्ड्रा में लगातार क्रशर व्यवसाय का विस्तार हो रहा है। आए दिन नए-नए क्रशर लग रहे हैं जिससे विद्युत खपत में लगातार वृद्धि हो रही है। विद्युत खपत में अत्याधिक वृद्धि होने के कारण दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विद्युत लाइन लम्बी होने के कारण बरसात एवं गर्मी के दिनों में आए दिन खराबी आने एवं लम्बी दूरी की विद्युत लाइन में आई खराबी को दूर करने में काफी समय लग जाता है। ग्रामीणों की समस्या के निराकरण के लिए विद्युत अधिकारियों ने क्षेत्र का अध्ययन किया तो लंबी दूरी की विद्युत लाइन एवं आवश्यकता के अनुरूप विद्युत उपकेन्द्र नहीं होने की बात सामने आई। विभाग ने इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए शासन को दो नए विद्युत उपकेन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजा था जिसके लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास मद से 10 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास मद से विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत भफौली एवं उदयपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बासेन में नवीन विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के लिए 6 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के लिए विभाग द्वारा निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्युत अधिकारी एक पखवाड़े में निर्माण कार्य प्रारंभ करने की उम्मीद जता रहे हैं।



**दो उपकेंद्रों से होती थी आपूर्ति**

विद्युत विभाग द्वारा पूर्व में ब्लॉक मुख्यालय धौरपुर एवं लुण्ड्रा में विद्युत ब्लॉक की सीमा जशपुर, लखनपुर, राजपुर एवं शंकरगढ़ से सटे होने के कारण दूरस्थ गांवों में बिजली पहुंचाने के लिए लम्बी दूरी की विद्युत लाइन का विस्तार किया गया। वन क्षेत्र के बीच से गुजरने के कारण विद्युत लाइन में आए दिन फाल्ट आता है। टोला-पारों की लम्बी दूरी की बसाहट के कारण विद्युत लाइन की दूरी और अधिक बढ़ गई है। कृषि पंप एवं क्रशर उद्योगों के विद्युत लोड को नियंत्रित करने विभाग ने ग्राम पंचायत ककनी एवं तुरिया बीरा में नया विद्युत उपकेंद्र बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास मद से ग्राम पंचायत बफौली में भी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। तीन नए विद्युत उपकेन्द्र बनने से विद्युत लाइन की लंबाई कम हो जाएगी तथा लाइन में आई तकनीकी खामियों का निराकरण कम समय में किया जा सकेगा। नए उपकेंद्रों के बनने से लो-वोल्टेज की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग ने चसकपुर राजपुर के रास्ते धौरपुर तक 33 केवीए विद्युत लाइन का विस्तार भी किया है जिससे विद्युत आपूर्ति में काफी सुधार आया है।

**अन्य क्षेत्रों को भी मिलेगा लाभ**

योजनान्तर्गत विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बासेन में भी नया विद्युत उपकेंद्र निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में उदयपुर से कोरबा जिले की सीमा से सटे गांवों तक विद्युत लाइन का विस्तार किया गया है जिसके कारण दर्जनों गांवों में लगे वोल्टेज की समस्या होती है। शासन के योजनान्तर्गत ग्राम बासेन में भी नया विद्युत उपकेन्द्र बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। नए विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण होने से लखनपुर के कुंवरपुर, नवापारा, लटोरी एवं चांदों फीडर का विद्युत लोड कम होगा जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा।

**चल रही टेंडर की प्रक्रिया**

नए विद्युत उपकेंद्रों के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा। उपकेंद्र निर्माण के लिए स्थल चयन कर लिया है।
**-रोशन नागवंशी**, ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग

# अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन में एलएचबी कोच की सुविधा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन के बाद रेल प्रबंधन ने अब जबलपुर अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन को अपडेट कर एलएचबी कोच की सुविधा प्रदान कर दी है।

- यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित व आरामदायक हुई यात्रा, बर्थ संख्या में भी होगी वृद्धि

बता दें कि यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं आधुनिक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रबंधन निरंतर प्रयास कर रहा है,इसी क्रम में रेलवे द्वारा गाड़ियों में पुराने पारंपरिक कोचों के स्थान पर नई तकनीक से निर्मित लिंक हॉफमैन बुश (एलएचबी)कोच लगाए जा रहे हैं, जो अधिक सुरक्षित,आरामदायक तथा उच्च गति के अनुरूप हैं।इसी क्रम में गाड़ी संख्या 11265/11266 जबलपुर–अम्बिकापुर–जबलपुर एक्सप्रेस को जबलपुर से 9 अक्टूबर से तथा अम्बिकापुर से 10 अक्टूबर से एलएचबी कोचों के साथ संचालित किया जा रहा है।

एलएचबी कोचों के समावेश से यात्रियों को जहाँ यात्रा के दौरान बेहतर सुरक्षा एवं आराम का अनुभव होगा,वहीं सीटों की संख्या में भी वृद्धि हुई है,इस बदलाव से गाड़ी में कुल 93 अतिरिक्त बर्थ की सुविधा यात्रियों को पहले के मुकाबले अधिक उपलब्ध होगी।इस एक्सप्रेस ट्रेन की अलग -अलग कोच बर्थ में एसी 3 टियर में 8 बर्थ संख्या में वृद्धि,चेयर कार में 5 सीटों की वृद्धि,तथा

**स्लीपर श्रेणी में 80 बर्थ की वृद्धि होगी**

इस प्रकार अधिक संख्या में यात्रियों को अब कंफर्म बर्थ के साथ आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा का अवसर मिलेगा।रेल प्रबंधन के मुताबिक नए एलएचबी कोचों के उपयोग से न केवल यात्रा अनुभव बेहतर होगा बल्कि रेलवे की सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों में भी सुधार होगा।

## बिजनेस प्लस



### स्वदेशी खादी महोत्सव का कुछ ही दिन शेष

**अंबिकापुर।** शहर के कला केंद्र मैदान स्थित स्वदेशी एवं खादी महोत्सव का संचालन में अब कुछ ही दिन शेष रह गया है। महोत्सव का प्रदर्शनी में दीपावली त्यौहार को देखते हुए आकर्षक छूट का प्रावधान किया गया है।प्रबंधक वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रदर्शनी में विशेष कर खादी वस्त्रों पर 10 प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशत तक की छूट के साथ ही साथ बनारसी कश्मीरी एवं हैंडीक्राफ्ट के वस्तुओं पर भी 10 प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी में हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए विशेष ऑफर रखी गई है। प्रदर्शनी में विशेष आकर्षण और छूट आगामी त्यौहारों को देखते हुए किया गया है। प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, असम सिल्क साड़ी, पशमीना सिल्क साड़ी, जयपुरी कुर्ती-लेगिंग्स, घाघरा, राजस्थानी मोजड़ी, इमिटेशन ज्वेलरी,पानीपत के मोजे, खादी तौलिया, पिलखुवा के बेडशीट, बनारसी सिल्क एवं सूती साड़ी, भागलपुरी ड्रेस मटेरियल एवं साड़ी, बंगाल के जूट बैग, सहारनपुर फर्नीचर, भदोही कारपेट, खुर्जा की क्रॉकरी, घीचा सिल्क साड़ी, जामदानी सिल्क साड़ी के साथ-साथ अन्य प्रकार प्रकार की बंगाली व स्वदेशी साड़ियां उपलब्ध है।

# रकम दोगुनी करने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



चिटफंड कंपनी के माध्यम से सरगुजा के भोले भाले ग्रमीणों की करोड़ो रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। कंपनी में लोगों से पैसे इन्वेस्ट कराकर ठगी करने वाले दो संचालकों को पुलिस ने पश्चिम बंगाल के कलकत्ता से गिरफ्तार किया है जबकि इस प्रकरण में शामिल एक आरोपी की पांच साल पूर्व मौत हो चुकी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

- वर्ष 2011 में संचालित थी चिटफंड कंपनी, कलकत्ता से पकड़े गए आरोपी

बताया जा रहा है कि शहर में पश्चिम बंगाल कलकत्ता के रफी अहमद किदवई रोड निवासी अनुकूल मैती, कनिका मैती और स्वप्न राय द्वारा केदारपुर में मेगा मोल्ड इंडिया लिमिटेड कंपनी का संचालन किया जा रहा था। वर्ष 2011 से संचालित इस कंपनी आरोपियों ने कंपनी में पैसा लगाने पर दो गुना करने का लालच देकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से पैसे जमा कराए गये। आरोपियों ने गांव में एजेंट नियुक्त कर लोगों को अपने जाल में फंसा और लाखों रुपए का इन्वेस्ट कराकर आई कोर रिजु सिमेंट लिमिटेड, आई कोर ई-कॉमर्स, आई कोर अपारेयल, आई कोर मेगा गोल्ड इंडिया लिमिटेड कंपनी इत्यादि के खाते में पैसा जमाकर पावती रशीद एवं डिवेयर सर्टिफिकेट दिया गया था। इसी कंपनी के झांसे में आकर मूलतः बलरामपुर कोरंधा हाल मुकाम गोधनपुर निवासी फुलेश्वरी बुनकर ने भी 5 लाख रुपए 15 फरवरी 2011 को किया था लेकिन बाद में कंपनी लोगों के करोड़ो रुपए लेकर फरार हो गई थी। चिटफंड कंपनी द्वारा की गई ठगी के मामले में पुलिस ने भादवि की धारा 420, 34 व छग निक्षेपकों के हितो का संरक्षण अधिनियम 2000 की धारा 10 तथा इनामी चिट फंड धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम 1978 की धारा 4,5,6 के तहत अपराध दर्ज किया था। चिटफंड कंपनी के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश एसएसपी राजेश अग्रवाल ने दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर लखनपुर पुलिस पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान पुलिस ने कलकत्ता जाधवपुर निवासी 56 वर्षीया कनिका मैती पति स्व. अनुकूल मैती, परगना रामनगर निवासी 55 वर्षीय स्वप्न राय आ. पुनी भूषण राय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही प्रकरण का मुख्य आरोपी अनुकूल मैती की वर्ष 2020 में ही मौत हो गई थी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक केके यादव, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विवेक सेंगर, सउनि निशिकांत एक्का, प्रधान आरक्षक रुस्तम सिंह, महिला आरक्षक अमरावती राजवाड़े, मनीता तिग्गा, आरक्षक शिव राजवाड़े, जगेश्वर बघेल, असलम अंसारी, राकेश एक्का सक्रिय रहे।



### गर्भवती होने के बाद किया शादी से इनकार आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और गर्भवती होने के बाद शादी करने से मना करने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पस्ता थाना अंतर्गत डवरा चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने चौकी में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि अजय एडगी ने उसे शादी का झांसा देकर लगातार 8 महीनों तक शारीरिक संबंध बनाया। युवती अब 6 माह की गर्भवती है। युवती ने जब शादी की बात की तो उसने इनकार कर दिया। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने डूमरखोल निवासी 21 वर्षीय अजय एडगी आ. सहजू एडगी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 69 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### चोरों ने घर के परछी से ले उड़े बाइक

**अम्बिकापुर।** आकाश ठाकुर आ. स्व. बल्लू ठाकुर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 7 अक्टूबर की शाम घर के परछी में बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 4653 को खडा करने के पश्चात भोजन कर सो गया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## वाहन फाइनेंस कराने के नाम पर 43 लाख रुपए की ठगी

**अंबिकापुर।** वाहन फाइनेंस कराने पर ईएमआई जमा कराने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने लोगों से कंपनी के माध्यम से वाहन फाइनेंस कराया लेकिन ईएमआई और ब्याज की राशि जमा नहीं की। जब लोगों को बैंकों से नोटिस पहुंचने शुरू हुए तो ठगी का खुलासा हुआ। अब तक 43 लाख रुपए की ठगी होने की बात सामने आई है जबकि ठगी की रकम बढने की बात कही जा रही है।

- एनवी ग्रुप कंपनी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अपराध

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के प्रेमनगर निवासी संजय कुमार एक्का समेत अन्य लोगों ने गांधीनगर थाना में शिकायत दी थी कि विष्णु राम प्रजापति और निकुंज गुप्ता द्वारा एनवी ग्रुप के नाम से कंपनी का संचालन किया जाता था। कंपनी द्वारा अम्बेडकर चौक में एनवी ग्रुप का कार्यालय भी खोला गया था। इस दौरान संचालकों ने लोगों को झांसा दिया कि वे वाहन फाइनेंस कराने का काम करते है और उनका एनवी ग्रुप रियल स्टेट का कारोबार भी है जिससे उन्हें अच्छा खासा मुनाफा होता है। इस दौरान लोगों को बताया गया कि वे कंपनी के माध्यम से वाहन फाइनेंस कराएंगे और फाइनेंस की रकम का आधा पैसा कंपनी में जमा करेंगे तो कंपनी ईएमआई का भुगतान करेगी और कुछ माह तक जमा रकम पर 2 प्रतिशत का ब्याज भी देगी। एनवी ग्रुप के फर्जी स्कीम के झांसे में आकर लोगों ने अपने वाहन फाइनेंस कराए और कंपनी को पैसे भी दिए। आरोप है कि कंपनी में राशि जमा कराने के बाद भी कंपनी ने वाहनों के फाइनेंस का ईएमआई जमा नहीं किया। जब उन्हें बैंकों से ईएमआई जमा करने के लिए नोटिस मिलना शुरू हुआ तो उन्होंने कंपनी से सम्पर्क लिया। पहले तो कंपनी के संचालक टालमटोल करते रहे लेकिन मई 2025 में उन्होंने ईएमआई जमा करने और राशि वापस करने से मना कर दिया। कंपनी में फिलहाल शिकायतकर्ता संजय एक्का ने 14 लाख 20 हजार रुपए, गांधीनगर निवासी राजू कुमार 5 लाख रुपए, जशपुर दुलदुला निवासी सुनील बघेल 6 लाख 20 हजार रुपए, बगीचा निवासी कमलेश भगत ने 1 लाख रुपए, गांधीनगर निवासी आलोक सिंह 8 लाख 65 हजार रुपए, अशोक कुमार 5 पांच 90 हजार रुपए, लैलूंगा निवासी कौशल कृष्ण यादव ने 2 लाख रुपए में जमा किए। मामले में पुलिस ने एनवी कंपनी के संचालक विष्णु राम प्रजापति और निकुंज गुप्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 3(5), 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस की जांच में ठगी की रकम बढ़ भी सकती है।

## कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। नवविवाहिता की अस्पताल लाते समय जबकि ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हुई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुन्दरपुर निवासी सोमार साय आ. स्व. जयमंगल (49 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 6 अक्टूबर को नशे की हालत में पत्नी व बच्चों से गाली-गलौज कर रहा था और कुछ समय बाद घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। दूसरी घटना में सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम खडार निवासी कल्पना पति अजय कुमार तिर्की (17 वर्ष) बुधवार की शाम अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने नवविवाहिता की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया परिजन ने पुलिस को बताया कि अगल-बगल गांव के होने के कारण दोनो एक दूसरे को पसंद करते थे जिसके बाद दोनों परिवार की सहमति से विवाद कर दिए। विवाह के बाद वह पति के साथ किराए के मकान में रायपुर में रहती थी। हाल ही में करमा त्यौहार मनाने गांव आए थे तभी नवविवाहिता ने कीटनाशक पी ली।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## विधायक पैकरा के प्रयासों से कुसमी बिनगंगा जलाशय को मिली 25 करोड़ 41 लाख की स्वीकृति



**कुसमी।** विकासखंड कुसमी अंतर्गत रातासिली ग्राम के समीप बिनगंगा जलाशय योजना जो पूर्व में राशि के बगैर अधूरा पड़ा हुआ था। इस जलाशय योजना के निर्माण हेतु विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की प्रयासों से 25 करोड़ 41 लाख 42 हजार रुपए की राशि स्वीकृति प्रदान की गई है।

ज्ञात हो कि इस जलाशय के निर्माण हो जाने पर क्षेत्र के किसानों को आसानी से खेती करने हेतु पानी उपलब्ध हो पाएगी और किसान आत्मनिर्भर होते हुए आर्थिक स्थिति से मजबूत हो सकेंगे। जलाशय की प्रशासकीय स्वीकृति मिल जाने पर क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। उम्मीद है कि शासन द्वारा जल्द ही जलाशय योजना के निर्माण हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर जलाशय के अधूरे कार्य को पूर्ण कर लिए जाएंगे।

## विधायक शकुंतला ने किया एनीकट निर्माण का भूमि पूजन



**प्रतापपुर।** दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत जजावल में जल संसाधन विभाग द्वारा बिंदु नदी में एनीकट निर्माण लागत 298 लाख का भूमि पूजन मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते द्वारा किया गया। विधायक ने अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि काम की गुणवत्ता में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों खुशहाली के लिए सरकार ने यह काम करवाया है और बहुत प्रयासों के बाद बड़े काम आते हैं। जजावल की जनता को यह कार्य समर्पित है। एनिकट निर्माण होने से किसानों को लाभ होगा। विकास कार्य को तेज गति से करते हुए आम जनता की समस्या को त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, चंद्रदेव सिंह, विद्यनाथसिंह, रामावतार सिंह, सुदामा राम यादव, सूरज प्रसाद संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–9165 411411